चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 27.3.24 | | |

# The Tribune

HAU scientists and students with a farmer at a camp.

## HAU ORGANISES CAMPS AT VILLAGES

**Hisar:** The Department of Seed Science and Technology of Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU), Hisar, organised training camps at Jatusana (Rewari), Sanghi (Rohtak), Frain Kalan (Jind) and Baroda (Sonepat) villages for production of good seeds of crops and vegetables. The farmers were also given Kharif seeds and vegetables during the camps. University scientists also gave detailed information to the farmers on seed-quality testing, seed production, seed health, safe storage and vegetable seed production.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 27.3.24 | 5 | 1-5 |

**भास्कर खास** • जाटूसाना, रेवाड़ी, सांघी, रोहतक, फैरन कलां में लगाया प्रशिक्षण शिविर

# हकृवि वैज्ञानिकों ने किसानों को फसलों व सब्जियों का उत्तम बीज उत्पादन विषय पर दिए अहम सुझाव

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा रेवाड़ी के गांव जाटूसाना, रोहतक के गांव सांघी, जींद के फैरन कलां एवं सोनीपत के बरोदा में फसलों एवं सब्जियों का उत्तम बीज उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण शिविर लगाए गए।

इन प्रशिक्षण शिविरों में किसानों को खरीफ सब्जी फसलों के बीज आवंटित किए गए। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने भी किसानों को बीज गुणवत्ता जांचने, बीज उत्पादन, बीज स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भंडारण व सब्जी बीज उत्पादन सहित अन्य विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह मोर ने किसानों को स्वयं बीज उत्पादन के लिए प्रेरित किया एवं बीज गुणवत्ता जांचने के तरीके भी बताए। डॉ. अक्षय भूकर ने बीज उत्पादन में महत्वपूर्ण सावधानियों से अवगत कराया। डॉ. स्वाति मेहरा ने बीज स्वास्थ्य

हकृवि के प्रशिक्षण में अधिकारी का स्वागत करते किसान।

एवं सुरक्षित भंडारण के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। डॉ. सुमित देशवाल ने सब्जी बीज उत्पादन के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। शिविर में प्रगतिशील किसान नरेंद्र धारनिया ने भी किसानों को उत्तम बीज उत्पादन एवं पौध उत्पादन से आय बढ़ाने के सुझाव दिए। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि अधिकारियों ने भी किसानों को स्वयं बीज उत्पादन से जुड़ी प्रक्रियाओं से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी सांगवान, डॉ. नीरज पवार, डॉ. रविंद्र सहरावत, डॉ. बलजीत लाठर, डॉ. सुरेन्द्र मोर व डॉ. राजेंद्र मेहरा मौजूद रहे।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 27.3.25 | 2 | 3-4 |

# हकृवि के वैज्ञानिकों ने किसानों को फसलों एवं सब्जियों बारे दिया प्रशिक्षण

*प्रशिक्षण में उपस्थित किसान*

हिसार, 26 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा गांव जाटूसाना (रेवाड़ी), सांघी (रोहतक), फ्रैन कलां (जींद) एवं बरोदा (सोनीपत) में फसलों एवं सब्जियों का उत्तम बीज उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण शिविर लगाए गए। इन प्रशिक्षण शिविरों में किसानों को खरीफ सब्जी फसलों के बीज आवंटित किए गए।

विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने भी किसानों को बीज गुणवत्ता जांचने, बीज उत्पादन, बीज स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भंडारण व सब्जी बीज उत्पादन सहित अन्य विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी सांगवान, डॉ. नीरज पवार, डॉ. रविंद्र सहरावत, डॉ. बलजीत लाठर, डॉ. सुरेन्द्र मोर व डॉ. राजेंद्र मेहरा सहित वैज्ञानिक और काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।